सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 16 मई, 2023

मंगलवार को राजभवन में सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सिक्किमी स्टूडेंट्स एसोसिएशन देहरादून एवं दून विश्वविद्यालय में पढ़ रहे सिक्किम के छात्रों के साथ प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने अपने सैन्य सेवा के दौरान सिक्किम में दी गई सेवाओं के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप सिक्किम बहुत सुन्दर लगता है।

राज्यपाल ने कहा कि कंचनजंघा के सुन्दर पहाड़ों की तलहटी में बसे होने के साथ–साथ सिक्किम की सुन्दरता वहां के लोगों के व्यवहार में दिखती है। राज्यपाल ने कहा कि सिक्किम देश का पहला पूर्ण रूप से ऑर्गेनिक खेती करने वाला राज्य है और पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। राज्यपाल ने बताया कि केंद्र द्वारा सभी अन्य राज्यों के स्थापना दिवस को हर राज्य में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है जो कि बहुत सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हम सब को एक परिवार के रूप में जोड़ने के लिए सहायता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सिक्किम के लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई। और अपने विचार और उत्तराखण्ड में प्राप्त अनुभव साझा किए।

राज्यपाल ने वहां उपस्थित सभी विद्यार्थियों को अगले वर्ष होने वाले कार्यक्रम में पारम्परिक वेशभूषा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि वे अपने परिवार एवं अपने मित्रों को उत्तराखण्ड घुमाने जरूर बुलाएं एवं साथ ही अपनी उच्च शिक्षा की प्राप्ति करने के लिए उत्तराखण्ड को चुनने पर सभी को बधाई भी दी। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, सिक्किमी स्टूडेंट्स एसोसिएशन देहरादून के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

……………0……………